कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।
(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)
दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo.jamshedpur@gmail.com

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ।।

पत्रांकः 1597 /जमशेदपुर दिनांकः 07/5/2016

सेवा में,

श्री आर० के० सैनी,
प्रबंधक (जे०सी०पी०)
पावरग्रीड कॉरपोरेशन ऑफ इन्डिया लि०
400/220 के०वी० उपकेन्द्र (जमशेदपुर)
ग्राम– श्यामसुन्दरपुर, पोस्ट – गम्हरिया,
जिला – सरायकेला–खरसांवा, झारखण्ड–832108

विषय :– मैसर्स झारखण्ड उर्जा संचरन निगम लिमिटेड का जमशेदपुर वन प्रमंडल अन्तर्गत रामचन्द्रपुर से जादूगोड़ा 132 के० वी० ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु 8.993 हे० वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंग :– प्रस्ताव संख्या FP/JH/TRANS/18900/2016 दिनांक 13.04.2016

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि आपके द्वारा विषयगत योजना हेतु समर्पित वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव में निम्न विसंगतियाँ परीलक्षित हुयी है :–

1. प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की गणना सूची के सारांश में राखामाईन्स प्रक्षेत्र अन्तर्गत प्रस्तावित स्थल पर कुल 2436 वृक्षों का वनभूमि में अवस्थित होना दर्शाया गया है जबकि संलग्न विस्तृत विवरणी में कुल 2285 वृक्ष ही अवस्थित होना दर्शाया गया है।
2. प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की गणना सूची के सारांश में मानगो प्रक्षेत्र अन्तर्गत प्रस्तावित स्थल पर कुल 93 वृक्षों का वनभूमि में अवस्थित होना दर्शाया गया है जबकि विस्तृत विवरणी संलग्न नहीं किया गया है।
3. प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की गणना सूची के सारांश के अनुसार राखामाईन्स एवं मानगो वन क्षेत्र अन्तर्गत वनभूमि में कुल 2529 वृक्षों का अवस्थित होना दर्शाया गया है जबकि प्रस्ताव में संलग्न Trees to be cut प्रतिवेदन में कुल 2659 वृक्षों को दर्शाया गया है। अर्थात वनभूमि में अवस्थित कुल वृक्षों की अपेक्षा पातन हेतु अधिक वृक्ष की संख्या दर्शायी गई हैं।

4. प्रस्ताव में संलग्न जंगल–झाड़ी वनभूमि में अवस्थित वृक्षों की गणना सूची के सारांश में कुल 357 वृक्षों के अवस्थित होना दर्शाया गया है जबकि विस्तृत विवरणी संलग्न नहीं किया गया है।
5. अतिरिक्त एन०पी०वी० हेतु आवश्यक राशि भुगतान करने के संबंध में वचनबद्धता प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।
6. परियोजना स्थल से 10 कि०मी० के अन्तर्गत हवाई अड्डा अवस्थित नहीं होने के संबंध में वचनबद्धता प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।
7. परियोजना स्थल पर श्रमिक कैम्प स्थापित नहीं करने के संबंध में वचनबद्धता संलग्न नहीं है।
8. परियोजना स्थल पर ऐतिहासिक महत्व का स्मारक नहीं होने के संबंघ में वचनबद्धता संलग्न नहीं है।
9. परियोजना के किसी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा राजकीय राजमार्ग से गुजरने की अवस्था में संबंधित विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रस्ताव से संबंधित उल्लेखित विसंगतियों का निराकरण कर वांछित अभिलेख के साथ अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने की कृपा की जाय जिससे कि प्रस्ताव के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

07/5/16

वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर

7/5/16 7/5/16

D:\Sale-Section2\Application_2011-13\Jharkhand uja Sancharan Nigam Ranchandrapur to Jadugora 132 kv ka Application.doc
... uja Sancharan Nigam Ranchandrapur to Jadugora 132 kv ka Application.doc